समाचार

राष्ट्रीय वयोश्री योजना

महापौर ने वरिष्ठजनों को प्रदान किए उपकरण, किया शिविर का निरीक्षण

(सियान सदन घंटाघर में लगाया गया शिविर)

कोरबा 17 अगस्त 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत घंटाघर के समीप स्थित सियान सदन में लगाए गए शिविर का निरीक्षण किया तथा शिविर की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होने शिविर में आए हुए वरिष्ठजनों को विभिन्न उपकरण प्रदान किए, उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी।

राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत बी.पी.एल.श्रेणी के वरिष्ठजनों को कृत्रिम दांत, पावर चश्में, ट्रॉयपॉड, व्हीलचेयर, वाकिंग स्टिक आदि निःशुल्क प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इस हेतु वरिष्ठजनों का चिन्हाकंन, मूल्यांकन एवं परीक्षण किए जाने के संबंध में नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत आज घंटाघर के समीप स्थित सियान सदन में शिविर का आयोजन समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने शिविर में पहुंचकर निरीक्षण किया, शिविर की व्यवस्थाओं को देखा तथा विभिन्न काउंटरों पर की जा रही कार्यवाही का अवलोकन किया। इस मौके पर महापौर श्री प्रसाद ने शिविर में आए हुए वरिष्ठजनों को श्रवण यंत्र, पावर चश्में, व्हीलचेयर, वाकिंग स्टिक सहित अन्य उपकरण प्रदान किए तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना की। शिविर के दौरान जबलपुर से आए वरिष्ठ चिकित्सकों ने शिविर में 134 वरिष्ठजनों का परीक्षण किया तथा किन–किन वरिष्ठजन को कौन–कौन से उपकरणों की आवश्यकता है, इसकी रिपोर्ट तैयार की, कृत्रिम दांत, श्रवण यंत्र सहित अन्य उपकरण परीक्षण के आधार पर तैयार कर इन वरिष्ठजनों को उपलब्ध कराए जाएंगे।

शिविर के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य फूलचंद सोनवानी, पार्षद शैलेन्द्र सिंह, आशा जायसवाल, अनुज जायसवाल, जोन कमिश्नर आर.के.चौबे, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक बी.एम.बेक, मुकेश दिवाकर, कुशल सिंह गोंड़, महेन्द्र यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व शिविर में आए वरिष्ठजन तथा उनके परिजन उपस्थित थे।